श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 85, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 31 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## दाल व सब्जियों की बेलगाम कीमतों पर सीएम योगी चिंतित
## जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

**उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसानों और आम जनता का हित सर्वोपरि है**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** दाल और सब्जियों की बेलगाम कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसानों और आम जनता का हित सर्वोपरि है। यह सुनिश्चित कराएं कि किसान को उपज का उचित मूल्य मिले और आमजन को आवश्यक खाद्य सामग्री सही कीमत पर उपलब्ध हो।

शुक्रवार को अपने आवास पर आहूत उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता को उचित मूल्य पर दाल एवं सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएं। आवश्यक खाद्य सामग्री की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

मूंगफली उत्पादक किसानों को उचित मूल्य मिले : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना में किसानों से धान व मक्का की खरीद की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ अवश्य मिले। आढ़ती और बिचौलिए किसी भी दशा में किसानों का शोषण न करने पाए। ऐसा करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों को मूंगफली फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा भी उपस्थित थे।

सस्ती दरों पर आलू प्याज उपलब्ध कराया जाएगा : किसानों से सीधे आलू व प्याज खरीद कर जनता को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार को उद्यान भवन में मोबाइल वैन का झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ हाफेड के प्रबंध निदेशक डा. आरके तोमर ने बताया कि प्रथम चरण में इसको लखनऊ में लागू किया जा रहा है। बाद में अन्य जिलो में मोबाइन वैन के जरिए किसानों से सीधे माल खरीद कर आम उपभोक्ता तक पहुंचाया जाएगा। इससे बिचौलियों को दूर रखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संगठनों की इस कार्य में मदद ली जाएगी।



## पीएम मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर दी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

**केवड़िया, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा और आखिरी दिन है। पीएम मोदी ने आज स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर जाकर सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की है। इसके बाद वह आज राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में हिस्सा लेंगे। वहीं पीएम मोदी आज सिविल सर्विसेज प्रोबेशनर्स को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के अग्रदूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जन्म-जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ और जहरीली हुई यूपी के शहरों में हवा



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** सर्दी के मौसम की दस्तर के साथ राजधानी लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों की हवा और जहरीली हो गई है। ज्यादातर शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) अत्यधिक खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। इस समय आगरा, बागपत, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी आदि शहरों में स्थिति बेहद गंभीर होने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के प्रमुख शहरों में एक्यूआइ 400 के करीब है।

वायु प्रदूषण में जब भी एक्यूआइ 150 से ऊपर पहुंचता है वह मनुष्यों को नुकसान पहुंचाने लगता है। इस समय तो हालत और भी ज्यादा खराब हैं। ज्यादातर शहरों का एक्यूआइ 300 से ऊपर है। लगातार स्थिति खराब हो रही है। करीब 15 दिन पहले ही प्रदेश के ज्यादातर शहरों का एक्यूआइ 150 से 200 के आस-पास था। लाख कोशिशों के बावजूद अभी भी कई जिलों में पराली जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे भी स्थिति और बदतर हो रही है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिए निर्देश : राजधानी लखनऊ की स्थिति भी दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। यहां पर शुक्रवार को एक्यूआइ 219 रहा। आगरा स्थिति तो और भी ज्यादा खराब है। यहां एक्यूआइ 346 पर पहुंच गया है। बढ़ते वायु प्रदूषण को देख प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण सुधीर गर्ग की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग कमेटी ने सर्वाधिक प्रदूषित 16 शहरों के जिलाधिकारियों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों व नगरीय निकायों के अफसरों को तत्काल स्थिति संभालने के निर्देश दिए हैं। कमेटी ने प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के लिए कहा है। शहरों में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए बनी कार्ययोजना को ठीक से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

पराली जलाने की 702 घटनाएं आईं सामने : अक्टूबर महीने में ही पराली जलाने की 702 घटनाएं सामने आईं हैं। इनमें 315 एफआइआर हुई हैं। कुल 13,47,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है जबकि 6,47,000 रुपये वसूले जा चुके हैं। पराली जलाने की घटनाओं को रोक पाने में नाकाम रहे 227 अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। हालांकि जिम्मेदार यह कहते हैं कि पिछले वर्ष यानी 2019 में अक्टूबर महीने में ही 1025 घटनाएं पराली जलाने की हुई थीं। वहीं, 2018 में 1623 व 2017 में 2367 घटनाएं इसी दौरान रिपोर्ट की गईं थीं।

### अंबाला में हजारों स्टेशनों पर बंद होगा ट्रेनों का ठहराव, जानें क्यों लिया गया यह निर्णय


**नई दिल्ली, ब्यूरो।** अंबाला रेलवे की नई समयसारिणी में हजारों स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव बंद होने जा रहा है। रात्रि 11 बजे से लेकर सुबह चार बजे तक जिन स्टेशनों के लिए यात्रियों की संख्या कम है, वहां इनका ठहराव बंद कर दिया जाएगा। जिन ट्रेनों में यात्रियों की संख्या कम है, उनका रूट बदल जाएगा। अन्य ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने और घाटे में चल रहे रेलवे को उबारने के लिए इस तरह का फैसला लिया गया है। राहत की बात है कि पैसेंजर ट्रेनों को मेल एक्सप्रेस का दर्जा दिया जाएगा। एक अनुमान है कि ट्रेन के एक स्टेशन पर रुकने और फिर चलने में 7600 से 9000 रुपये का खर्च आता है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी), मुंबई और इंडियन स्पेस रिसर्च आगेर्नाइजेशन (इसरो) बेंगलुरु को नई समयसारिणी बनाने का जिम्मा दिया गया है। रेल मंत्रालय ने देश के सभी मंडलों से रिपोर्ट मांगी है, जिसमें किस स्टेशन पर क्या ठहराव, कितने यात्री उतरे, क्या आमदनी या खर्च हुआ, बुक हुए टिकट आदि का ब्योरा देना है।

### नीति आयोग ने जारी किया लैंड टाइटल का मसौदा, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को आसान बनाना है मकसद




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** नीति आयोग ने राज्यों के लिए जमीन के मालिकाना हक के संदर्भ में मॉडल कानून का मसौदा जारी किया है। इसका मकसद कानूनी विवादों में कमी लाना और इन्फ्रा परियोजनाओं के लिये भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को आसान बनाना है। मॉडल कानून और उससे संबंधित नियम राज्य सरकारों को अचल संपत्ति के मालिकाना हक के पंजीकरण की व्यवस्था स्थापित करने और उसके प्रशासन व प्रबंधन का अधिकार देगा।इस मॉडल कानून का मकसद जमीन से संबंधित कानूनी विवादों का समाधान करना तथा ढांचागत परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण में भी सुधार लाना है। इसके तहत भूमि विवाद समाधान अधिकारी तथा लैंड टाइटल अपीलेट ट्रिब्यूनल का प्रावधान है जो सभी विवादों को समाप्त कर देगा। भूमि पर अंतिम रूप से मालिकाना हक की गारंटी राज्य सरकारें देंगी और अगर कोई विवाद होता है तो क्षतिपूद्गत का प्रावधान होगा।कानून के मसौदे के अनुसार धारा 11 के तहत मालिकाना हक के बारे में रिकॉर्ड को लेकर कोई व्यक्ति संतुष्ट नहीं है तो वह संबंधित पंजीकरण अधिकारी के पास अपनी आपित्ति जता सकता है। आपत्ति अधिसूचना की तारीख से तीन वर्षो के भीतर दी जा सकती है। उसके बाद, पंजीकरण अधिकारी जरूरी कदम उठाते हुए मामले को भूमि विवाद समाधान अधिकारी के पास भेजेगा। अगर व्यक्ति भूमि विवाद समाधान अधिकारी के आदेश से संतुष्ट नहीं है तो वह अपीलेट ट्रिब्यूनल के पास जाकर आदेश आने के 30 दिनों के भीतर मामला दर्ज करा सकता है। इसमें यह भीकहा गया है कि उच्च न्यायालय की विशेष पीठ का निर्धारण किया जाएगा जो अपीलीय न्याधिकरणों के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी।

## सुखोई से दागी गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, बंगाल की खाड़ी में लक्ष्य को किया ध्वस्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 युद्धक विमान ने शुक्रवार को डीआरडीओ द्वारा विकसित ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल से बंगाल की खाड़ी स्थित जहाज को ध्वस्त कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुखोई विमान ने पंजाब के हलवारा एयरबेस से उड़ान भरी थी। चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच वायु सेना के लिए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि हलवारा से उड़ान भरने के बाद सुखोई-30 विमान ने हवा में ही ईंधन भरते हुए बंगाल की खाड़ी का सफर तय किया। विमान ने सुबह लगभग नौ बजे उड़ान भरी थी और इसने दोपहर करीब 1.30 अपने लक्ष्य पर मिसाइल दाग दी। अपनी उड़ान के दौरान युद्धक विमान ने 3,500 किलोमीटर की दूरी तय की।

हाल के दिनों में यह ब्रह्मोस मिसाइल का इस तरह का सिर्फ दूसरा परीक्षण है। इससे पहले बंगाल के कलाइकुंडा एयरबेस से उड़ान भरकर अरब सागर में लक्षद्वीप के निकट अपने लक्ष्य को निशाना बनाया था। भारतीय वायु सेना के पास एक विशेष स्क्वाड्रन भी है, जो समुद्री भूमिका में है। यह स्क्वाड्रन तंजावुर में तैनात है। सुखोई विमान की दूर तक पहुंच के कारण इसे हिंद महासागर क्षेत्र का शासक भी कहा जाता है। यह स्क्वाड्रन भी ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल से लैस है।

वहीं, भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में अपने युद्धपोत आइएनएस कोरा से जहाज-रोधी मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। नौसेना ने ऐसा एक अभ्यास के तहत किया, जो भारत के आसपास रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में उसकी युद्धक तैयारियों को दशार्ता है। नौसेना ने कहा कि मिसाइल ने अधिकतम सीमा पर स्थित लक्ष्य को बेहद सटीकता से निशाना बनाया। पिछले सप्ताह नौसेना ने अरब सागर में जहाज-रोधी मिसाइल द्वारा एक डूबते जहाज को अत्यंत सटीकता के साथ नष्ट करने का वीडियो जारी किया था। इस मिसाइल को आइएनएस प्रबल से दागा गया था। भारतीय नौसेना ने पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध को लेकर भारत और चीन के बीच तनाव के मद्देनजर हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी तैनाती में महत्वपूर्ण वृद्धि की है।

## कोरोना राउंडअप : जम्मू में रात 10 से सुबह पांच बजे तक सभी गैर-जरूरी गतिविधियों पर रोक

**नई दिल्ली/जम्मू, जेएनएन/नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में भारत को एक और कामयाबी मिली है। करीब तीन महीने बाद सक्रिय मरीजों (जिनका इलाज चल रहा है) की संख्या छह लाख से कम हुई है। ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और संक्रमण से उबरने की दर 91 फीसद से अधिक हो गई है। हालांकि, 48 हजार से अधिक नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या भी 81 लाख को पार कर गई है। वहीं जम्मू प्रशासन ने संक्रमण पर रोकथाम के लिए एक बड़ा फैसला लिया है।

जम्मू जिला मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार से 30 नवंबर तक जिले में रात 10 बजे से सुबह पांच बजे के बीच सभी गैर-जरूरी गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, प्रशासन ने यह आदेश कोरोना महामारी पर रोकथाम के मकसद से उठाया है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को 566 नए केस मिले। राज्य अब तक 94,330 हजार मामले सामने आए। राज?य में संक्रमण से अब तक 1,471 लोगों की मौत हुई है।

**देश में 8,772 नए मामले मिले**

समाचार एजेंसी पीटीआइ की तरफ से शुक्रवार रात नौ बजे जारी टैली के मुताबिक गुरुवार देर रात से अब तक 48,772 नए केस मिले हैं, 59,209 मरीज ठीक हुए हैं और 507 और लोगों की जान गई है। इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 81.33 लाख और ठीक हुए मरीजों की संख्या 74.28 लाख हो गई है। वहीं, 1,21,529 लोगों की अब तक जान भी जा चुकी है। 507 मौतों में सबसे अधिक महाराष्ट्र में 127, केरल में



280.88 लाख हुआ संक्रमितों का आंकड़ा

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक कुल संक्रमित 80.88 लाख हो गए हैं। अब तक 73.73 लाख मरीजों ने महामारी को मात दी है और 1.21 लाख की मौत भी हो चुकी है। सक्रिय मामले 5.94 लाख हैं जो संक्रमितों का 7.35 फीसद और एक दिन पहले के मुकाबले 9,301 कम है। इससे पहले छह अगस्त को सक्रिय मामलों की संख्या 5.95 लाख थी। मरीजों के उबरने की दर बढ़कर 91.15 फीसद हो गई है। मृत्युदर गिरकर 1.50 फीसद और संक्रमण की दर 7.54 फीसद पर आ गई है।

**गुरुवार को 11.64 लाख कोरोना टेस्ट**

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए गुरुवार को 11,64,648 नमूनों की जांच की गई। इनको मिलाकर 29 अक्टूबर तक कुल 10 करोड़ 77 लाख 28 हजार 088 नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है।

**केरल में लगातार मिल रहे सबसे अधिक नए केस**

केरल में देश के किसी भी राज्य से अधिक नए मामलों का मिलना जारी है। पिछले सप्ताह केरल में औसत मामले पहली बार महाराष्ट्र से अधिक रहे। राज्य में 6,638 नए केस मिले हैं, जबकि महाराष्ट्र में 6,190 नए मामले सामने आए हैं। इन दो राज्यों को छोड़कर लगभग सभी राज्यों में पांच हजार से नीचे ही नए मामले मिल रहे हैं। केरल में कुल संक्रमित 4.12 लाख और महाराष्ट्र में 16.72 लाख हो गए हैं। महाराष्ट्र में और 127 मरीजों की मौत हुई है जबकि केरल में 28 और लोगों की जान गई है।

**आंध्र प्रदेश में तीन हजार से कम नए मामले**


आंध्र प्रदेश में तीन हजार से कम नए केस मिले हैं। 2,886 नए मामलों के साथ राज्य में संक्रमितों का आंकड़ा 8.20 लाख हो गया है। तेलंगाना में 1,531 नए मामलों के साथ कुल 2.37 लाख मरीज अब तक सामने आ चुके हैं। ओडिशा, उत्तर प्रदेश और गुजरात में भी लगातार नए मामले कम हो रहे हैं। इन राज्यों में क्रमशः 1,547, 2,237 और 969 नए मामले सामने आए हैं और कुल संक्रमितों का आंकड़ा 2.88 लाख, 4.80 लाख और 1.72 लाख हो गया है।

### छत्तीसगढ़ः सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में महिला नक्सली को मार गिराया, हथियार बरामद

**सुकमा, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के दुलेड इलाके में हुई इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई है। मौके से महिला नक्सली के शव के साथ थ्री नाट थ्री रायफल के साथ अन्य नक्सल समान बरामद किए गए हैं। कोबरा, डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने दी इस करवाई को अंजाम दिया। सुकमा के सघन जंगली इलाके में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। एसपी के एल ध्रुव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जिला सुकमा के थाना चिंतागुफा अंतर्गत सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल अभियान के लिए 26 अक्टूबर को अरबराजमेट्टा, कोयामेट्टा, पातादुलेड़ एवं ताड़मेटला के जंगल-पहाड़ी की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान प्रातः लगभग 10 बजे दुलेड़ के बीच जंगल-पहाड़ी में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

## करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को शासन की मंजूरी

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर माघ मेला के आयोजन को शुक्रवार को शासन ने मंजूरी दे दी। दोपहर एनआईसी सभागार में प्रयागराज मेला प्राधिकरण की बैठक में मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संगम तट पर संतों-भक्तों के समागम के रूप में माघ मेला बसाने के लिए सहमति प्रदान की। पिछले वर्ष की तुलना में माघ मेले का आकार 30 प्रतिशत घटाने के लिए कहा गया। कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए संक्रमण रोकने के पुख्ता इंतजामों के साथ चार सेक्टर में माघ मेला बसाया जाएगा।एनआईसी सभागार में दोपहर 12 बजे के बाद माघ मेला प्राधिकरण की बैठक आरंभ हुई। सबसे पहले मेला प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव को विभागवार तैयारियों से अवगत कराया गया गया। माघ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष मंडलायुक्त



आर रमेश कुमार की मौजूदगी में रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने माघ मेला के आयोजन के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की।साथ ही उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए हर स्तर पर तैयारियां कर ली जाएं। इस दौरान पिछले वर्ष की तुलना में मेले का आकार 30 प्रतिशत घटाने की बात कही गई। करीब 67 करोड़ रुपये की लागत से चार सेक्टर में माघ मेला बसाने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद विभागवार तैयारियां करने निर्देश दिया गया। संतों-भक्तों के समागम वाले मेले के लिए गंगा पर तीन पांटून पुल बनाए जाएंगे। हालांकि सुगम यातायात और सुरक्षा की दृष्टि से पांटून पुलों की संख्या बढ़ाने की भी बात कही गई। कुछ अधिकारियों ने पांच पांटून पुल बनाए जाने का सुझाव दिया। इस दौरान विभागवार प्रस्तावों और सुझावों पर करीब घंटे भर तक मंथन किया गया। इसी के साथ मुख्य सचिव ने मेला प्राधिकरण की बैठक में सुरक्षित तरीके से माघ मेला कराने के लिए गाइड लाइन के अनुरूप समय रहते तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। भीड़ प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

अफसरों ने कहा कि कल्पवासियों की संख्या को घटाया नहीं जा सकता है। ऐसे में सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं को बुलाने से परहेज किए जाने के आसार हैं। माघ मेला की इस बैठक में मंडलायुक्त के अलावा नगर आयुक्त रवि रंजन, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता हिमांशु मित्तल, यूपीपीसीएल के मुख्य अभियंता ओपी यादव, जल निगम के अधीक्षण अभियंता एपी यादव समेत अन्य अफसर उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शनिवार, 31 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### पुरानी रंजिश में युवक को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी ने युवक को मार पीट कर घायल कर दिए तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बाराडीह निवासी मोहम्मद अरबाज पुत्र ननके का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे पडोसियों ने मारा पीटा तथा गालियां दी और कहीं शिकायत पर जाने से मारने की धमकी भी दिए। घायल मोहम्मद अरबाज ने मऊआइमा थाने में मिलन और रिसरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है ।

### चिल्ड्रेन राम लीला का मंचन कल से

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कोड़ापुर गांव के दुल्मापुर मौजा में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चिल्ड्रन राम लीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला का मंचन सोमवार शाम से होगी जो 9 दिनों तक चलेगी। इसी को लेकर शुक्रवार को कमेटी के अध्यक्ष मुन्नीलाल की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान निर्णय लिया गया रामलीला सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप ही होगी। दर्शको से मास्क लगाकर आने के साथ ही सामाजिक दूरी का पालन करने की भी अपील की जाएगी। इस मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष रोहित सेन, महामंत्री बिनय कुमार, मंत्री नन्द लाल, कोषाध्यक्ष छेदी लाल, निदेशक महेश कुमार पटेल, सदस्य पप्पू, प्रदीप कुमार, बच्चू लाल, चिंता मणि, बिनय, राहुल, विजय, पवन, दीपक, संदीप, अंकित आदि रहे।

### नगर निगम ने शुरू कराया सैनिटाईजेशन अभियान

**नैनी।** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार सुबह क्षेत्र में सैनिटाईजेशन अभियान शुरू किया। जिसके तहत मेवालाल बगिया चौराहा, नई बाजार, सरगम रोड, जेल रोड, अरैल मोड़, सब्जी मंडी, काटन मील आदि स्थानों पर टैंकरों में फौव्वारों के जरिए सड़क और दोनों ओर की पटरियों को सैनिटाइज कराया गया। नगर निगम के जोनल अफसर अशोक कुमार ने बताया कि इसका मकसद ठंड की दस्तक के साथ बढ़ने वाले कोरोना संक्रमण की आशंका को रोकना है। इस दौरान पटरी दुकानदारों एवं वाहनों व राहगीरों को भी सैनिटाइज किया गया। साथ ही कोरोना के प्रति सजगता बरतने की अपील की गई। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत परिजनों में मचा रहा कोहराम

### शव देख एक अन्य युवक को पड़ा दिल का दौरा, मौत

**नैनी।** करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव निवासी राजेंद्र पटेल (30) पुत्र रामहर्ष पटेल गांव के ही हजारी लाल पटेल (46) पुत्र कल्लू पटेल जसरा सब्जी मंडी में आढ़त का काम करते थे। वहां से देर शाम वह दोनों मोटरसाइकिल से वापस घर जा रहे थे। औद्योगिक क्षेत्र के पुरवा खास चौराहे के समीप एक तेज रफ्तार मैजिक की टक्कर से बाइक सवार राजेंद्र पटेल और हजारी लाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था। जहां हजारीलाल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर राजेंद्र पटेल की हालत गंभीर बताते हुए शहर के लिए रेफर कर दिया था। शहर के काल्विन हास्पिटल में राजेंद्र को रात में ही ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही उसकी भी मौत हो गई। उन दोनों के मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। जो जहां था, उसी हालत में चीरघर की ओर चल पड़ा। शुक्रवार को दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद जब लाश गांव पहुंची तो उसके कुछ देर बाद ही गांव के उसी परिवार के मनोज कुमार पटेल (38) पुत्र शंकरलाल पटेल को दिल का दौरा पड़ गया। लोग उसे अस्पताल लेकर भागे लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। एक गांव में तीन-तीन लोगों की मौत से चौतरफा मातम छा गया। गांव में लोग इस गम से उबरने के लिए एक दूसरे को ढांढस बंधा रहे हैं।

### दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**मां बाप का इकलौता पुत्र था मृतक**

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलहन गांव के रसूलपुर मौजा निवासी एक युवक को चार दिन पहले एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान उसने शुक्रवार भोर में दम तोड दिया। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सुबह शव घर पहुंचा तो आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलहन गांव के रसूलपुर मोहल्ला निवासी अंसेब सरोज 17 पुत्र तुलसी राम बीते 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे शौच के लिए सड़क पार कर रहा था कि अचानक तेज रफ्तार मोटर सायकिल सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उपचार के लिए उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज में भर्ती करवाया गया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार भोर में उसकी मौत हो गई । सुबह शव घर पहुंचा तो स्वजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के माता पिता दोनों दिव्यांग है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था जो माता पिता का सहारा था। लेकिन उसकी मौत के बाद मां बाप के बुढापे का सहारा भी छिन गया। पुलिस ने शव का पी एम कराने के बाद स्वजनों को सौप दिया। ग्रामीणों की मदद से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ प्रशासन हुआ सख्त

### फूलपुर में किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**धान कटाई की मशीन से अनुपयोगी पराली में वृद्धि**

छोटी जोत के कास्तकारों ने बताया कि क्षेत्र में मशीन से धान की कटाई जोरों पर है।उक्त मशीन से किसानों को जहां सहूलियत मिलती है वहीं अनुपयोगी पराली भी कूड़ा करकट की तरह खेत में जमा हो जाती है। जिसे किसान जला देता है।

**फूलपुर।** खेत में पराली जलाने पर हो रहे प्रदुषण के चलते शासन जहां उसे रोकने का प्रयास कर रहा है वहीं जागरूकता के आभाव में किसान खेत में ही पराली जलाकर प्रशासन के कोप का भाजन बन रहे हैं।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अन्तर्गत सराय अब्दुल मलिक गांव निवासी किसान शिव मूरत यादव पुत्र नन्हकू राम के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मुकदमा पंजीकृत कराया तो क्षेत्र के किसानों में हड़कंप मच गया। आरोप है कि गुरुवार को वह धान की पराली खेत में ही जला रहा था। सूचना पर राजस्व टीम के साथ पहुंचे आर आई सुप्रीम कुमार सिंह ने जांच पड़ताल कर उक्त किसान के खिलाफ शुक्रवार को फूलपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

राजस्व निरीक्षक के अनुसार सरकार ने खेतो में पराली जलाने पर पूरी तरह से रोक लगा रखी इसको लेकर किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके बावजूद भी किसान पराली जलाकर सरकार के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि किसानों को पराली जलाने से रोकने वाले प्रशासन को क्षेत्र में चल रहे प्रदुषण युक्त संयंत्रों पर भी रोक लगानी चाहिए।

## पीछे से कार ने बाइक में मारी टक्कर एक युवक की मौत, बहनोई भांजी घायल



घायल अवस्था में मृतक की भांजी व बहनोई



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ व मौजूद पुलिस

**घूरपुर।** बाइक से बहनोई व भांजी को बाइक पर बैठाकर बहनोई के घर जा रहे युवक की बाइक में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ने कांटी गांव के सामने हाईवे पर टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। और बहनोई व भांजी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल में भर्ती करा। युवक की शव को पीएम के लिए भेजा। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए।

बारा थाना क्षेत्र के रेही गांव निवासी लक्ष्मी कांत (40)पुत्र स्व. राम स्वारुप शुक्रवार के दिन अपने बहनोई राम बाबू (38)व भांजी गुड़िया (8) निवासी तिवारी का पूरा करमा को बाइक पर बैठा उनके घर जा रहे थे कि जैसे ही वह कांटी गांव के सामने हाईवे पर पहुंचे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी बाइक सवार तीनों सड़क पर छिटक गए उसी समय कार की एक चक्के की टायर दग गई जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे लक्ष्मीकांत के सिर को कुचलते आगे निकल गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बहनोई राम बाबू व भांजी गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एसआर एन में भर्ती कराया और युवक की शव को पीएम के लिए भेजा। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक युवक की पत्नी व दो बेटे व दो बेटियों सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे मूक-बधिर किशोर की ट्रेन की टक्कर से हुई मौत



किशोर की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन व जुटे लोग

**जसरा।** रेलवे क्रॉसिंग को एक मूक-बधिर किशोर पार कर रहा था। इतने में अचानक डाउन लाइन पर एक ट्रेन आ गई। ट्रेन की टक्कर से किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया। शुक्रवार को सुबह लगभग 10:00 बजे प्रयागराज से मुंबई की ओर ट्रेन जाने के लिए क्रॉसिंग बंद था। बुदांवा गांव निवासी संदीप भारतीय 17 वर्ष पुत्र तेजबली भारतीया मूकबधिर होने के कारण सुन नहीं सकता था।बंद फाटक को पार करके किसी काम से बाजार की ओर जा रहा था। इतने में ट्रेन ने उसे टक्कर मार दिया। ट्रेन की टक्कर से संदीप भारतीया वहां से लगभग 20 मीटर दूर जा गिरा। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को जब सूचना मिली तो रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहां गांव के दर्जनों की संख्या में लोग पहुंच गए। रेलवे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर एस०आर०एन० चीरघर भेज दिया।

**छः बच्चों में था सबसे छोटा**

तेजबली भारतीया के छः बच्चों में चार बेटी और दो बेटे थे। बडे बेटे का नाम चिन्टू भारतीया और संदीप भारतीया सबसे छोटा बेटा था। संदीप पैदाइश से ही मूकबधिर था।

## सडकों पर खड़ी ट्रकों से आवागमन में हो रही दिक्कत

**करछना।** बुधवार रात मे पुलिस द्धारा चेकिग के लिए खडी कराई गई ट्रको से आवागमन मे भारी दिक्कत हो रही है राहगीरो का कहना था कि सडक के बगल कडी ट्रको से सामने से आने वाली गाडियो से घटो जाम से भी राहगीरो को जूझना पडा।क्षेत्र के कैथी चौराहे से कुशगढ और रामपुर के बीच खडी ट्रको से आवागमन मे भारी दिक्कत हो रही है पुलिस.परिवहन और खनन विभाग के द्धारा इस तरह की कार्रवायी करने के बाद ट्रको को सडको पर खडी करा दिया जाता है जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और कईबार दुर्घटना का भी शिकार हो जाते है।लोगो का कहना है कि इस तरह की कार्रवायी करने के बाद हाइवे के किनारे पर खडा कराना चाहिए क्योकि वहा जगह रहती है और लोगो को जाम से भी निजात मिलेगी साथ ही दुर्घटनाओ से भी बचा जा सकता है।लेकिन पुलिस बेतरतीब खडा करा दी जाती है जिससे जाम की समस्या से लोगो को दो चार होना पडता है।

## मोहम्मद साहब का संदेश आज भी प्रासंगिक : अशफाक अहमद



मास्क लगाएं बच्चों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ता

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के भरोटी गांव में शुक्रवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि मोहम्मद साहब द्वारा दिए गए संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में भेदभाव असमानता फैलाकर लोगों को आपस में बांटने की राजनीति चल रही है। ऐसी स्थिति में हजरत मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलकर आपसी सौहार्द, प्रेम व भाईचारा बनाते हुए देश की एकता अखंडता को बनाए रखने की जरूरत है। कार्यक्रम स्थल पर लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करते हुए बच्चों को मास्क भी बांटे गए। वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा सभी धर्मों के अनुयायियों ने मानव कल्याण की ही बात कही है। इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। मौके पर डॉक्टर जगत नारायण सिंह, भोलानाथ तिवारी, सलीम टाइगर, अरुण कुमार शुक्ला,एहतेशाम अहमद, दिलीप कुमार दुबे, गुलाब यादव, अशोक यादव,रिंकू तिवारी, इश्तियाक अहमद, सद्दाम हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## अश्लील टिप्पणी के विरोध पर घर पर चढ़ किया हमला दस घायल, नौ गिरफ्तार

**घूरपुर।** क्षेत्र के जमोली गांव में कुछ युवको ने घर के दरवाजे के पास बैठ काम कर रही थी कि महिला पर देर तक अश्लील टिप्पणी करते रहे विरोध पर युवक पक्ष के दर्जन भर लोग लाठी डंडा लेकर महिला के घर पर धावा बोल हमला कर दिए। जिससे दोनो पक्षों में लाठियां चटकने लगी जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस नौ लोगो को गिरफ्तार कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जमोली गांव निवासी एक महिला गुरुवार रात अपने घर के दरवाजे के पास बैठ काम कर रही थी कि गांव के ही दो युवक महिला को देख अश्लील टिप्पणी करने लगे । लेकिन महिला देख सुनकर भी कुछ देर तक अनदेखी करती रही जिससे युवक और मनबढ़ हो गए। युवकों द्वारा सीमा लांघने पर महिला मजबूर हो विरोध किया तो परिजन भी आ गए। तो आरोपित युवक वापस घर गए और एक दर्जन से अधिक संख्या में अपने परिजनों के साथ लाठी डंडा लेकर महिला के घर हमला बोल दिए। तो महिला पक्ष के लोग भी सामने आ गए दोनों पक्षों से लाठियां बरसने लगी जिसमें दोनों पक्षों के दस लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपित पक्ष के विटोला (30), बबिता (18),खुशी (20)महादेव (55),सौरभ (16)मोहन लाल (60),छोटू (18)दूसरे पक्ष से धर्मा देवी (30),रोहित (25) को गिरफ्तार कर थाने उठा लायी और शुक्रवार के दिन केस दर्ज कर चालान कर दिया।

## कानून का रक्षक रास्ते में गोबर डंप कर आवागमन किया बाधित, आक्रोश

**उत्तरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में खड़ंजा मार्ग पर गांव के दबंगों द्वारा गोबर डंप कर रास्ता को पूर्ण रूप से अवरुद्ध कर दिया है। वही दर्जनों से ज्यादा ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी समेत अन्य उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। नरहरपुर गांव में खड़ंजा मार्ग पर गांव के दबंगों द्वारा रास्ते में ही गोबर डंप कर रास्ता को अवरुद्ध कर दिया है।रास्ते मे गोबर डंप होने से रास्ता पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो गया है। वही गांव के मंजू देवी सरस्वती सुनीता राजकुमारी सुमित्रा सुशीला उर्मिला सूर्य सती मनोज कुमार समेत दर्जनों से ज्यादा ग्रामीण लामबंद होकर दबंगों के खिलाफ हाथ उठाकर प्रदर्शन कर जल्द से जल्द रास्ते में डंप किया गया गोबर को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दबंग पुलिसकर्मी होने के नाते जबरन रास्ते पर गोबर कर अवरुद्ध किया है। इसके पहले उसी स्थान पर दीवाल उठा कर कब्जा किया गया था। जिसे पूर्व एसडीएम द्वारा राजस्व टीम की रिपोर्ट पर हट गया था। दिवाल हटने के बाद गोबर डंप हो जाने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



रास्ते का दृश्य



आक्रोशित ग्रामीण

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### ब्लॉक प्रमुख ने किया निजी अस्पताल का उद्घाटन

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के प्यागीपुर हाईवे के पास आर्या हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैदाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रमोद त्रिपाठी उर्फ बुलबुल ने फीता काटकर निजी अस्पताल का उद्घाटन करते हुए कहा कि क्षेत्र में एक अच्छे अस्पताल खुल जाने से लोगों को अब दूर व अन्य जिलों में जाने की जरूरत नहीं है। मरीजों के लिए यहां बेहतर सुविधा की व्यवस्था कराई गई है। अब लोगों को लखनऊ दिल्ली जैसे शहरों में जाने की जरूरत नहीं है।यहीं पर अच्छी सुविधाएं का लाभ उठा सकते हैं। हॉस्पिटल हर सुविधाओं से लैस हैं। ब्लॉक प्रमुख ने हॉस्पिटल सञ्चालक अमित पटेल व कड़े दीन पटेल को नया अस्पताल खोलने का धन्यवाद दिया। हॉस्पिटल ओपनिंग पर शिविर लगाकर सैकडों मरीजो का निशुल्क इलाज भी किया गया। इस अवसर पर दिलीप मणि, डॉ एसके सिंह, चन्द्रावल, अशोक कुमार, जावेद बीडीसी, रमेश बीडीसी, बब्बू गुप्ता, आनन्द प्रधान, शम्भू नाथ, बलवन्त कनौजिया, जेपी सिंह, डॉ दीक्षा, धर्मेन्द्र, मुन्ना आदि लोगो ने निजी नई अस्पताल खुलने से खुशियां मनाई।

## नौवीं के छात्र को कार में खींचकर किया अगवा घंटे भर में पुलिस ने किया बरामद

**झूंसी प्रयागराज।** झूसी थाना क्षेत्र के गणेश मार्केट में नौवीं के छात्र प्रिंस अनितेश को कार सवार तीन लोग अगवा कर ले गए। दिनदहाड़े हुई वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घंटे भर बाद दो अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर अगवा छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। जांच में पता चला कि पीड़ित छात्र अपने स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा से बातचीत करता था ,और इसी को लेकर आरोपी उससे नाराज थे।आवास विकास योजना कॉलोनी दो में रहने वाले होम्योपैथी चिकित्सक संतोष यादव का 15 वर्षीय बेटा प्रिंस अनितेश नौवीं का छात्र है। बृहस्पतिवार सुबह 10.30 बजे के करीब वह गणेश मार्केट में स्थित मिठाई की दुकान पर गया था। आरोप है कि इसी दौरान ऋषभ यादव अपने दो साथियों जीतेंद्र यादव व अभिषेक यादव तीनों निवासी झूंसी के साथ आया और प्रिंस को कार में



सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज

खींचकर अगवा कर ले गए।

दिनदहाड़े हुई वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। जांच पड़ताल के बाद चौतरफा बैरिकेडिंग कराकर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद एसआई मनोज यादव व उनकी टीम ने सरायतकी झूंसी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज के पीछे स्थित सुनसान स्थान पर पहुंचकर अगवा छात्र को बरामद करते हुए दो आरोपियों ऋषभ व जीतेंद्र को गिरफ्तार किया। जबकि उनका साथी अभिषेक मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक, थाने लाकर पूछताछ में पता चला कि पीड़ित छात्र की अपने स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से बातचीत होती थी जिसके लिए आरोपी उसे मना करते थे। इसी खुन्नस में उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। एसपी गंगापार धवल जायसवाल ने बताया कि दो आरोपियों को गिररफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एक की तलाश की जा रही है। घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है।

### एलएलबी का छात्र है आरोपी

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपी ऋषभ सहसों स्थित कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। जबकि वारदात में साथ देने वाले उसके दोनों साथी भी छात्र हैं। ऋषभ झूंसी में ही रहने वाले एक मिठाई कारोबारी का भतीजा भी है और पिता की मौत के बाद दुकान पर रहकर ही चाचा का सहयोग करता है।

## सो रहे मजदूर की चाकू मार कर उतारा मौत के घाट

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा देवघाट प्रयाग में गुरुवार की देर रात सोते वक्त एक मजदूर की किसी ने गला रेत कर हत्या कर दी। सुबह जब आसपास के लोगों ने देखा तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा देवघाट प्रयाग में राजा शुक्ला के निमार्णाधीन मकान में मजदूर रामकृष्ण उम्र 30 वर्ष मजदूरी का काम करता था। वह कौशांबी के पश्चिम शरीरा का रहने वाला था, सुबह जब लोगों ने खून से लथपथ उसको देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर एसपी सिटी, सीओ और इंस्पेक्टर घटनास्थल पर पहुंचे। वही पुलिस वालों का कहना है कि मजदूर रामकृष्ण कौशाम्बी के पश्चिम शरीरा का रहने वाला था। वह यहां दो साथियों के साथ राजा शुक्ला के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। रात में सोते समय किसी ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। जख्मी हालत में उसे काल्विन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस मामलें की जांच कर रही है। मजदूर की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। घरवालों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं।

### युवती ने लगाया गैंगरेप का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** क्षेत्र के डभांव से हिरासत में लिए गए जमीन कारोबारी दीपक पाल व उसके साथियों पर गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली एक युवती ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दीपक पाल व उसके साथी ने बीते 24 अक्तूबर को उसके साथ दुराचार किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर नैनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दीपक पाल को पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। उसके खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी हैं। इंस्पेक्टर नैनी जीतेंद्र सिंह का कहना है कि दीपक पाल सहित उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज है और मामला पेशबंदी का प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है।

## एक कॉल से सुलझेगी स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्या

**प्रयागराज।** स्मार्ट मीटर के तेज चलने व गड़बड़ी को लेकर बिजली विभाग की फजीहत हो रही है। उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए बिजली विभाग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दावा है कि कॉल करते ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा। शहर में स्मार्ट मीटर के 82 हजार उपभोक्ता हैं।

मुख्य अभियंता ओपी यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की अफवाह ज्यादा है। इसे मुद्दा बनाया जा रहा है। हालांकि शहर के जिन इलाकों से स्मार्ट मीटर के तेज चलने की शिकायतें आई हैं, उनकी जांच का आदेश दिया गया है। विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 9450963656 जारी किया है जिस पर स्मार्ट मीटर से जुड़ी कोई भी समस्या होने पर पर संपर्क किया जा सकता है। कॉल करने के बाद जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। अधिशासी अभियंता चंद्रमोहन सिंघल के अनुसार, अगर कोई स्मार्ट मीटर के तेज चलने व गड़बड़ी से परेशान है तो वह खुद भी इसकी जांच कर सकता है। उन्होंने बताया कि मीटर से कटआउट को कम से कम एक घंटे के लिए बंद कर दें। मीटर को बंद करने से पहले रीडिंग को जरूर नोट कर लें। एक घंटे बाद मीटर को चालू करें तो रीडिंग फिर से नोट करें। अगर रीडिंग में इजाफा है तो घर की वायरिंग भी चेक करा लें। आमतौर पर वायरिंग में खराबी से भी बिजली खपत अधिक होती है। संतुष्ट न होने पर विभाग को सूचित करें। स्मार्ट मीटर के तेज चलने से शहर के उपभोक्ताओं की नींद उड़ी है। कनेक्शन बनाए रखने के लिए बिल जमा करना मजबूरी है। बेनीगंज के राजेश कुमार कहते हैं कि सबस्टेशन जाने पर लौटा दिया जाता है। राजापुर के यश त्रिपाठी बताते हैं कि इस्तेमाल बिजली से ज्यादा बिल आ रहा है। कोई भी विभागीय अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से किया जायेगा आयोजन

### चयनित मंदिरों एवं स्थलों पर दीप प्रज्जवलन व दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण पाठ का किया जायेगा आयोजन

**प्रयागराज।** महर्षि वाल्मीकि जयंती आज दिव्य, भव्य एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से आयोजित की जायेगी। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में संगम सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती के भव्य एवं सुरूचि पूर्ण ढंग से मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजन को सकुशल एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से



वाल्मीकि जयंती को लेकर बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी

मनाये जाने हेतु अधिकारियों का दायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद स्तर पर चयनित स्थलों/मंदिरों में वाल्मीकि रामायण के पाठ को सकुशल ढंग से कराये जाने, जिला पंचायतराज अधिकारी को चयनित मंदिरों/स्थलों की साफ-सफाई, दीप प्रज्जवलन, दीपदान, लाइटिंग, साउण्ड व्यवस्था व बैठने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। चयनित मंदिरों/स्थलों में कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों व गाइड लाइन का कड़ाई से अनुपालन एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उप निदेशक पर्यटन एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को चिन्हित स्थल पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत चयनित स्थलों/मंदिरों पर वाल्मीकि जयंती का आयोजन, दीप प्रज्जवलन, दीपदान आदि कार्यक्रमों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

जनपद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दीप प्रज्जवलन, भजन एवं वाल्मीकि रामायण पाठ आदि आयोजन कराये जाने हेतु 11 स्थलों/मंदिरों का चयन किया गया है, जिसमें माता शान्ता-श्रृंग ऋषि मंदिर आश्रम, श्रृंगवेरपुर धाम, तहसील सोरांव, भारद्वाज आश्रम तहसील सदर, बड़े/लेटे हनुमान जी, त्रिवेणी संगम, तहसील सदर, महाभारत कालीन लाक्षागृह स्थल, तहसील हण्डिया, मनकामेश्वर मंदिर, लालापुर, तहसील बारा, दुवार्षा ऋषि आश्रम, ककरा दुबावल, तहसील फूलपुर, ब्रम्ह सुदिष्ट धाम, परानी पुर, तहसील मेजा, श्री चक्र माधव मंदिर, अरैल, तहसील करछना, श्री आदि वेणी माधव, अरैल, तहसील करछना, श्री तक्षकेश्वर नाथ, तक्षक तीर्थ, दरियाबाद, तहसील सदर, वाल्मीकि आश्रम, गडैला तहसील करछना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री विजय शंकर दुबे, उप निदेशक पर्यटन, समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोविड -19 के दृष्टिगत उत्तर मध्य रेलवे ने वर्चुअल माध्यम से किया सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन

### उत्तर मध्य रेलवे में 130 सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया सेटलमेंट और अन्य बकाया भुगतान

**प्रयागराज।** हर महीने के अंतिम कार्य दिवस पर सभी रेलवे इकाइयों में सेवानिवृत्त हो रहे रेलकर्मियों द्वारा उनके सेवा काल के दौरान उनके योगदान को परिलक्षित करने के लिए सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल स्तर, उत्पादन इकाइयों, कार्यशालाओं और अन्य रेलवे इकाइयों में आयोजित किए जाते हैं लेकिन कोविड -19 के प्रसार के कारण; ये कार्यक्रम भौतिक सभा के साथ नहीं हो सकते थे।

कर्मचारी के साथ-साथ संगठन के लिए सेवानिवृत्ति दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए; रेलवे बोर्ड द्वारा जुलाई 2020 से सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड एवं क्षेत्रीय रेलवे के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्चुअल सेवानिवृत्ति समारोह में संबंधित रेलवे मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो




वर्चुअल के माध्यम से सेवानिवृत्ति समारोह

रहे कर्मचारी द्वारा मुख्यालय में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से या कर्मचारी को उपलब्ध कराये गये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के निमंत्रण लिंक का उपयोग करके कहीं और से भी इस कार्यक्रम में भाग लिया गयो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल होने की इच्छा रखने वाले कर्मचारियों के लिए उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग स्थल पर कोविड झ 19 से बचाव सम्बंधी सभी आवश्यक सावधानियों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। मण्डलों, उत्पादन इकाइयों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य रेलवे इकाइयों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए; वर्चुअल सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने के लिए उपलब्ध कराया गया है। YouTube पर इस लाइव स्टीमिंग लिंक का उपयोग अन्य अधिकारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवार के सदस्य और मित्रों आदि के द्वारा कार्यक्रम को देखने के लिए भी किया जा सकता है। सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों द्वारा सेवाकालमें हासिल की गई उपलब्धि, महत्वपूर्ण योगदान आदि का विवरण भी केंद्रीय रूप से द्वारा एकत्र किया जा रहा है, ताकि रेलकर्मियों द्वारा उनके सेवाकाल के दौरान किए गए सराहनीय कार्य को समारोह के दौरान अंकित किया जा सके। वर्तमान कोविड -19 संकट के दौरान वर्चुअल साधनों के माध्यम से सेवानिवृत्ति समारोह के आयोजन के इस पहल से , सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के साथ साथ कार्यरत कर्मचारियों के मध्य एक सकारात्मक भावना का प्रवाह करने के अतिरिक्त, कर्मचारियों के मध्य अधिक सामंजस्य और अपनेपन की भावना आयेगी। अक्टूबर, 2020 को सेवानिवृत्त हो रहे 130 कर्मचारियों में आगरा के 19, झांसी के 40 और प्रयागराज मण्डल के 46 और झाँसी कारखाने के 8 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि 17 कर्मचारी मुख्यालय सहित उत्तर मध्य रेलवे के अन्य इकाइयों से हैं। कोविड -19 के दृष्टिगत, सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन भुगतान आदेश उपलब्ध कराने के साथ-साथ पेंशन एवं अन्य भुगतान का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित बैंकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या रेलकर्मी को भेजकर पेंशन भुगतान आदेश उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान कोविड -19 संकट के दौरान पेंशन एवं अन्य भुगतान प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता को पूर्णतः समाप्त करते हुये उत्तर मध्य रेलवे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक सुविधा के माध्यम से पेंशन एवं अन्य भुगतान प्रदान किया है।

### नो इंट्री खुलने से लगा भीषण जाम

**नैनी।** जिले में शुक्रवार से ट्रायल के तौर पर दोपहर में तीन बजे से खोली गई नो इंट्री ने राहगीरों की ही नहीं बल्कि पुलिस की भी फजीहत कराकर रख दी। पहले नो इंट्री खुलने का समय रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक था। जिसे शुक्रवार ने दोपहर तीन बजे से भोर में पांच बजे तक कर दिया। चूकिं शाम को सड़कों पर भीड़ होती है और दूसरी तरफ दोपहर में तीन बजे से ही ट्रकों की नो इंट्री छूटने की वजह से अचानक दोनों राजमार्गों पर वाहनों की भीड़ आ गई। खासकर शहर का मुहाना कहे जाने वाले लेप्रोशी मिशन चौराहे पर दोनों राजमार्गों रीवां एवं मिजार्पुर से आने वाले वाहन इकठ्ठा हो जाने की वजह से यह जाम और भीषण हो गया। जिससे लोग घंटों परेशान रहे। इस संबंध में इंस्पेक्टर नैनी जीतेंद्र सिंह ने बताया कि अभी ट्रायल के तौर पर आज दोपहर बाद तीन बजे से नो इंट्री खोली गई है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।
मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम
पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## शुआट्स एनएसएस द्वारा सतर्क भारत समृद्ध भारत पर वेबिनार आयोजित

### विकसित देश के लिए भ्रष्टाचार का खात्मा जरूरीः अंजनी सक्सेना

**प्रयागराज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सतर्क भारत समृद्ध भारत पर वेबिनार का आयोजन शुक्रवार को किया गया।मुख्य अतिथि संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) इंजी. सी0जे0 वेसली ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने के लिए आमजनों का सतर्क रहना जरूरी है। डा.



दीपक बोस ने संचालन करते हुए वेबिनार की महत्ता पर प्रकाश डाला व सभी अतिथियों का स्वागत किया।

जीएसबीएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन की अंजनी सक्सेना ने कहा कि विकसित देश के लिए भ्रष्टाचार का खत्मा जरूरी है। उन्होंने भ्रष्टाचार रोकने के लिए लोकसेवा अधिकार कानून, सूचना का अधिकार अधिनियम, बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम का इस्तेमाल आमजनों द्वारा किये जाने की बात कही तथा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबरों को बताया। उन्होंने शिक्षित लोगों के भ्रष्टाचार में सर्वाधिक लिप्त होने के आंकड़े पर खेद जताया।

श्रीमती मुदिता बोस ने भ्रष्टाचार के मुख्य कारणों का उल्लेख करते हुए इसे रोकने के उपाय बताये। डा. हीरा बोस ने भ्रष्टाचार मिटाने में आमजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला व भ्रष्टाचार उन्मूलन के उपायों को विस्तारपूर्वक समझाया।

एनएसएस कोआर्डिनेटर डा रोहित लाल ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों स्लोगन लेखन, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर मेकिंग आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी सत्यम कुमार केसरी ने भारत सरकार के सतर्कता जागरूकता सप्ताह को आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया। एनएसएस रीजनल निदेशक डा. अशोक कुमार श्रोती एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी डा. अंशुमाली शर्मा ने प्रतिभागियों का मार्गनिर्देशन करते हुए भ्रष्टाचार मिटाने की मुहिम में सक्रिय प्रतिभाग करने की बात कही।

## बच्चों में जुझारू कौशल का विकास करना होगा : प्रो0 स्मृति स्वरूप

**प्रयागराज।** राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) प्रयागराज में Know Your Child in the Light of NEP 2020 विषय पर तीन दिवसीय वेबिनार के दूसरे दिन निदेशक सीमैट संजय सिन्हा ने सभी विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आप सबके सहयोग की महती आवश्यकता होगी। प्रथम सत्र की मोडिरेटर इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ0 आकांक्षा सिंह ने आज होने वाले चचाओं के विषय में तथा विशेषज्ञों के विषय में संक्षेप में परिचय देते हुए सबसे पहले डॉ0 के.एस. मिश्रा को अपने उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया। पूर्व कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ0 के.एस. मिश्रा ने बच्चों के विकास में मूल्यांकन विषय पर बोलते हुये कहा कि सिखाने का उद्देश्य याद करना, समझना, प्रयोग करना विश्लेषण करना, मूल्यांकन तथा सृजन होता है। ऐसे में शिक्षा को याद करने तक सीमित नहीं रखा जा सकता है। हमें सृजन के साथ-साथ, व्यवहारिक परिवर्तन मूल्य एवं भावनात्मक सन्तुलन की दिशा में बढ़ना होगा। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर अंजली बाजपेई ने शिक्षक के क्षमता विकास विषय पर बोलते हुये कहा कि बदलती हुयी परिस्थितियों में अध्यापक की क्षमता में न केवल अच्छा वक्ता हो, मानसिक-शारीरिक रूप से मजबूत हो बल्कि तकनीकी से भी अभ्यस्थ हो। वह बच्चों के सीखने में मददगार हो तथा स्वयं का स्वविकास का सके। कोविड के बाद भी नव-सामान्य परिस्थितियों के अनुसार अपेक्षाओं के अनुरूप अधिगम में सहायता कर सके। सी.बी.एस.ई. के पूर्व परीक्षा नियन्त्रक श्री पवनेश कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बच्चे आजकल उतना ही सीखते है जितना परीक्षा में पूछा जाना है। नयी शिक्षा नीति का लक्ष्य कैसे सीखना है और सीखने के कौशल पर है जिससे बच्चों में आधुनिक आवश्यकतानुसार सुधार किया जा सके। हमें कागज कलम की परीक्षा से अभिवृत्ति, सामाजिक तथा मानसिक कौशल विकास सम्बन्धित परीक्षा की ओर जाना है।

द्वितीय सत्र में मोडिरेटर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ0 रुचि दूबे ने सभी वक्ताओं का स्वागत करते हुये। सर्वप्रथम, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पी.सी. शुक्ला को निर्देशन एवं परामर्श विषय पर व्याख्यान के लिये आमंत्रित किया। प्रो0 शुक्ला ने कहा बच्चों के सीखने में न केवल विद्यालय बल्कि अभिभावकों के भी सहयोग की आवश्यकता है। कई बार हम विद्यालय में अधिगम का वातावरण तो बना पाते हैं परन्तु घर पर भी ऐसा वातावरण बने इसके लिये अभिभावकों को जागरूक करने की आवश्यकता है। शिक्षित बच्चा न केवल परिवार के लिये, बल्कि देश और समाज के लिये भी उपयोगी होता है। अतः सभी को उसके सीखने में सहायक होना चाहिये और सभी को अपने अनुसार परामर्श देना चाहिये। इसके पश्चात एन.सी.ई.आर.टी. की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 भारती कौशिक ने विभिन्न स्तरों के बच्चों, विशेषकर निशक्तजन बच्चों के परामर्श विषय पर बोलते हुये कहा कि अधिगम आवश्यकता में सम्प्रेषण सम्बन्धी, शिक्षा सम्बन्धी तथा अभिप्रेरणा-सामाजिक-अन्तर वयैक्तिक आवश्यकता सम्मिलित है। किशोर बच्चों की आवश्यकता के विषय में अध्यापकों का परामर्श बहुत सहायक होता है। निशक्तजनो की शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिये शिक्षको को भी इन विषयों में सामान्य प्रशिक्षण देना चाहिये। सामान्य बच्चों तथा निशक्त बच्चों का समूह बनाने से भी लाभ होता है।सत्र की अध्यक्षता करते हुये रिटायर्ड प्रोफेसर, एस.एन.डी.टी. मुम्बई डॉ0 स्मृति स्वरूप ने कहा नई शिक्षा नीति बच्चे के सम्पूर्ण विकास पर केन्द्रित है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज शनिवार, 31 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### दहेज के लिए विवाहिता को मार डाला

**प्रतापगढ़।** दहेज में मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपये न मिलने पर विवाहिता को फांसी पर लटका दिया। ससुरालवालों पर यह आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।पट्टी थाना क्षेत्र के रानीपुर के पारसनाथ वर्मा की पुत्री सीमा की शादी वर्ष 2016 में लालजी पटेल के बेटे अंकित निवासी रमईपुर नेवादा के साथ हुई थी। अंकित सूरत में नौकरी करता है जबकि सीमा ससुरालवालों के साथ घर पर रहती थी। आरोप है कि ससुराल के लोग दहेज में मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपये की मांग करते रहे। इसी वजह से आए दिन सीमा को मारते-पीटते थे। 24 अक्तूबर को उसकी हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया।

### दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पराली जलाए जाने को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। तहसील के रायपुर तियाई क्षेत्र के लेखपाल सूर्य प्रकाश मिश्र ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अर्जुनपुर गांव के रामधन सरोज ने मना करने के बावजूद खेत मे पराली जलायी। आरोपी के पराली जलाए जाने से प्रदूषण का माहौल उत्पन्न हो गया। लेखपाल ने एसडीएम को आख्या भेजी। एसडीएम के आदेश पर केस दर्ज किया है।

### बदमाशों ने झोंका फायर

**प्रतापगढ़।** मैजिक डाला लेकर घर जा रहे चालक को बदमाशों ने रास्ते में रोककर जमकर पीटा और फायर झोंक दिया। हालांकि गोली उसे नहीं लगी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने पड़ोसी गांव के दो लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पट्टी थाना क्षेत्र के मकरा मनभवना के शिव शंकर पाण्डेय के बेटे मुकेश ने बताया कि वह मैजिक डाला चलाता है। गुरुवार रात 11 बजे आंवला मंडी से गाड़ी लेकर अपने घर जा रहा था। उसके साथ एक आंवला व्यापारी भी था। आरोप है कि धनगढ सराय छिवलहा के पास दो लोगों ने रोक लिया और गाड़ी से खींच कर उसकी लात-घूसो व कट्टे की मुठिया से जमकर पिटाई की। बदमाशों ने उस पर फायर भी झोंका। हालांकि गोली उसे नहीं लगी। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### कौशाम्बी में धूमधाम से मनाया जाएगा राजा भैया का जन्मदिन

**भरवारी कौशाम्बी।** जनसत्ता दल के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवम कार्यकर्तागणों से अनुरोध करते हुए पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार ने कहा है कि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का जन्मदिन आगामी 31अक्टूबर दिन शनिवार समय सुबह दस बजे जिला मुख्यालय मंझनपुर पार्टी कार्यालय में बड़े ही धूमधाम से केक काटकर मनाया जायेगा इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख्य सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे उसके बाद पार्टी की बैठक होगी जिसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी पूर्व सांसद ने लोगो से अपील की है कि समय पर पहुच कर राजा भैया के जन्मदिन का जोर शोर से जश्न मनाएं।

### तीन किलो गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में लंबे समय से गांजा बेच रहे दो अभियुक्तों को पूरा मुफ्ती पुलिस ने गांजा के साथ गिरफ्तार किया है इनके कब्जे से 3 किलो 600 ग्राम गांजा पुलिस ने बरामद किया है अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने लिखा पढ़ी कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा प्रेम चन्द्र वर्मा और अंकित विश्वकर्मा उर्फ दीपू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 508/20 धारा 8/20 ठउद्धर एक्ट पंजिकृत कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

# दबंगो का कहर, माँ बेटा गम्भीर रूप से घायल

## मोटर साइकिल खड़ी करने के विवाद में दबंगों ने किया हमला

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 5 अजमतपुर में दबंगों ने मारपीट कर मा और बेटे को अधमरा कर दिया है घायलो का जिला अस्पताल इलाज में चल रहा है मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है घटना के बाद से हमलावर फरार बताए जा रहे हैं जिनकी सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार अझुवा के वार्ड नं 5 के अजमतपुर निवासी राम लखन,रामरतन रामचंद्र और शिव चंद्र पारिवारिक सदस्य है इन दोनों पक्षों में हमेशा विवाद बना रहता है बीती देर शाम ग्राम सभा कानेमई निवासी अमर सिंह पुत्र ननका शिव चंद्र के घर के सामने आड़ा मोटरसाइकिल खड़ी कर रामलखन के घर पहुंच गया जिस पर अनीता उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी शिवचंद्र ने मोटरसाइकिल ठीक से साइड में खड़ी करने को कहा थोड़ी सा विवाद बना ,जिस पर राम लखन रामचंद्र रामरतन परिवार सहित साथ मे अमर सिंह



हमले में गंभीर रूप से घायल महिला

सहित सभी लोगों ने अनीता पत्नी शिव चंद्र की जमकर पिटाई कर दी बीच बचाव में आये अनीता के पुत्र दीपक को भी हमलावरों ने जमकर पीट दिया ग्रामीणों ने बताया कि शिव चंद्र रोजगार के सिलसिले में पंजाब शहर में रहता है ! पिटाई इस तरह हो रही थी कि लगता था जान लेकर ही मानेंगे उपस्थित ग्रामीणों द्वारा किसी तरह मारपीट छुड़वाया गया अझुवा पुलिस को सूचना मिली जिसपर वह पीड़ितों के घर पहुंची पुलिस ने बेहोश अनीता को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भेजा जहां गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी परिजन एम्बुलेंस से इस्माइलपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से महिला और उसके पुत्र को मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

### प्राण घातक हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र में घातक हमले के आरोपी को करारी पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना पुलिस ने मु0अ0सं0 345/20 धारा 307/504 भा0दं0वि0 में वांछित अभियुक्त जावेद पुत्र फिरोज निवासी रक्सवारा थाना करारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# इलाज के दौरान मौत के आरोपी चिकित्सक की हुई गिरफ्तारी

## बिना डिग्री बिना अनुभव के स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी पर लंबे समय से चल रहा था झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक इसके पहले भी हो चुकी हैं कई मौतें



पुलिस की गिरफ्त में झोलाछाप डाक्टर

**कड़ा कौशाम्बी।** मामूली मर्ज पर इलाज के दौरान मरीज के मौत के मामले में आरोपी चिकित्सक पर मुकदमा तो पहले पुलिस ने दर्ज कर लिया था लेकिन गिरफ्तारी में थाना पुलिस हीला हवाली कर रही थी जिस पर मृतक मरीज के परिजनों ने पुलिस कप्तान से फरियाद की पुलिस कप्तान के निर्देश पर मरीज के मौत के जिम्मेदार झोलाछाप चिकित्सक की गिरफ्तारी कड़ा धाम थाना पुलिस ने कर लिया है गिरफ्तार चिकित्सक को पुलिस ने अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है

जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के रामपुर बड़नावा गांव के मजरा दुबाना निवासी बजरंगी लाल के 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार विश्वकर्मा से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल कर झोलाछाप चिकित्सक सुरेंद्र यादव पुत्र राजाराम निवासी तिवारीपुर ताज मल्लाहन ने गलत तरीके से मरीज का ऑपरेशन कर दिया झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर ही रहा था कि इलाज के दौरान मरीज अंकित विश्वकर्मा की मौत हो गई थी। मरीज की मौत के बाद परिजनों की तहरीर पर थाना कड़ा धाम पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 287 सन 2020 पर आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन दिलचस्प बात यह है कि आरोपी डॉक्टर के पास ना कोई डिग्री है ना कोई सर्टिफिकेट ना प्रैक्टिस है ना ही अनुभव है फिर भी अपना खुद का क्लीनिक खोलकर वह बेखौफ ऑपरेशन कर रहा है वह खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहा था लेकिन आरोपी डॉक्टर धनबल का प्रयोग करके पुलिस विभाग से सांठगांठ करके मुकदमा दर्ज होने के बावजूद खुलेआम घूम कर इलाज कर रहा है थाना कड़ा धाम पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी थी जिस पर मरीज के परिजनों ने पुलिस कप्तान से फरियाद के पुलिस कप्तान के निर्देश पर आरोपी चिकित्सक को शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# युवक की हत्या में दो आरोपी धराये

**प्रतापगढ़।** अवैध सम्बन्धों के चलते गोली मारकर हुई युवक की हत्याकांड मे चैथे दिन उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो को जेल भेज दिया। आरोपियो के पास से युवक की हत्या मे प्रयुक्त तमंचा व कारतूस तथा खोखा भी बरामद करने मे पुलिस को सफलता मिली है। बतादें उदयपुर थाना क्षेत्र के पथरिया गांव के पास सई नदी के किनारे सोमवार की रात रिश्तेदारों ने ही झांसा देकर चारपहिया वाहन मे युवक को बैठाकर शराब पिलाई और इसके बाद सई नदी पुल पर ले जाकर गोली मार दी। आरोपियो ने मृतक युवक का पहले रस्सी से गला कसा और जब वह निढाल हो गया तो उसे गोली मारकर नदी मे फेंककर फरार हो गये। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो आवाक रह गये। मृतक नितीश कुमार सिंह 30 वर्ष पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी सहसाराम रोहतास बिहार जो अपनी बहन सलेमपुर कुंडा आया था।मृतक का प्रेम प्रसंग पड़ोसी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के भतीजी से बताया जाता है। कई बार महिला के घरवालों ने मृतक को चेतावनी देकर छोड दिया था। इस बार मृतक फिर महिला से मिलने आया तो ससुरालीजनों ने देख लिया। मृतक की हरकतों से चिढे आरोपियो ने उसे किनारे लगाने की योजना बनाई। इसके तहत आरोपी मृतक को झांसे मे रखकर अपने साथ वाहन से सई नदी के पुल पर ले गये। आरोपी धर्मेन्द्र,व दिलीप कुमार सिंह ने फोन से मृतक को बुलवाया जिसकी जानकारी बाद मे मृतक के परिजनो को हुई। मृतक के पिता के तहरीर पर गुरुवार को पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे मुखबिर के सूचना पर एसओ विपिन कुमार सिंह, एसआई मुन्नीलाल फोर्स के साथ रामपुर कसिहा बार्डर पर पहुंच कर आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सिंह व दिलीप कुमार सिंह को चारो तरफ से घेरकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियो को थाने लाकर पूंछतांछ की गई तो आरोपियो ने युवक की हत्या अवैध संबंधो को लेकर कबूल की। पुलिस ने दोनों आरोपियो को शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### सीओ की फटकार पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के कटका बलीपुर के लल्लन रजक की पत्नी अनारा देवी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती इक्कीस अप्रैल को पांच बजे वह घर पर थी। इतने मे गांव के जयकरन रजक, आकाश व मुतुज ने लाठी डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमले मे उसके पैर की हडडी भी टूट गई। आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। पीडिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जांच के नाम पर पुलिस मुकदमा नही दर्ज कर रही थी। इस पर पीडिता ने सीओ से मिलकर शिकायत की। सीओ जगमोहन की फटकार पर पुलिस ने आरोपी जयकरन समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### हजरत मस्जिदिया शाह का मजार पर धूमधाम से मना उर्स

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के पूरे टीकाराम वार्ड स्थित हजरत मस्जिदिया शाह की मजार पर उर्से ए पाक धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार की रात रहमुतल्लाह अलैह सरकार के उर्स पर कौमी एकता को लेकर कौव्वाली का भी रंगारंग आयोजन किया गया। कौव्वाली के कलाकारों ने हजरत मस्जिदिया शाह की शान मे शेरो व शायरी का तराना छेडा तो कार्यक्रम मे मौजूद जायरीन वाह-वाह कर उठे। कौव्वाली के जरिए भाई चारे तथा कौमी एकता का भी पैगाम गूंजा। वहीं मजार पर भारी तादात मे जुटे हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजार के सामने मत्था टेका। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भी जलसे मे शरीक होकर गुलपोशी की। जलसे का आयोजन कमेटी के सचिव व प्रबंधक फैसल खॉन तथा अध्यक्ष नितेश द्विवेदी ने किया। इस मौके पर मो. शरीफ, दयाराम, अंसार भाई, शास्त्री सौरभ, मुन्ना शुक्ला, विनय पाण्डेय आदि रहे।

# ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सैकड़ों मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**प्रतापगढ़।** ईद मिलादुन्नबी के पर्व के अवसर पर क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों मरीजों ने निशुल्क कराया स्वास्थ्य परीक्षण व प्राप्त की दवाएं । आशा पैथालॉजी के संचालक अमित सिंह के नेतृत्व मे आयोजित खून आदि जांच के परीक्षण के लिए भी लोगों का तांता लगा रहा ।शिविर मे क्वांटम थैरेपी एनालाइजर ( आटोमेटिक मैग्नेटिव सिस्टम ) द्वारा मरीजों के शरीर का किया गया परीक्षण साथ ही एलोपैथिक एंव युनानी दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया गया । स्वास्थ्य विभाग एंव सरकार के दिशा निदेर्शों का ख्याल रखते हुए आयोजितइस शिविर मे डा. गौरव त्रिपाठी एमबीबीएस, डा.इसरार अंसारी एमबीबीएस ( बाल रोग विशेषज्ञ ) द्वारा मरीजों के लिए ओपीडी के रुप मे इलाज ,देखभाल एंव परामर्श दिया गया । शिविर का उद्घाटन पूर्व जमीअत उलमाए हिन्द जिलाध्यक्ष मुफ्ती जमीलुर्रहमान काशमी ने किया साथ ही उन्होने पैगम्बर मो. रसूलअल्लाह सल्ललाह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के उद्देश्यों एंव संदेश के बारे मे उपस्थित लोगों को बताया । इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राम किशोर साहू सहित अंसारी एकता फोरम के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।



ईद मिलाद उलन्नवी के अवसर पर

### शानो शौकत के साथ मनाया ईद मिलाद उलन्नवी का पर्व

सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़ । जिले विभिन्न स्थानों पर बड़े ही शानो शौकत व हर्षोल्लास के साथ इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया । पर्व पर कुन्डा, रानीगंज, पट्टी, लालगंज, सदर सहित जिले भर के विभिन्न बाजारों व गांवों में मुस्लिम बंधुओं ने जुलूस निकालकर पैगंबर साहब को याद कर उनके नाम पर कलाम पढ़ा गया। इसी के तहत क्षेत्र के हन्डौर मे भी ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस मे लोग शासनादेश एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के तहत शामिल हुए जहां जूलुस की अगवानी करते हुए जामा मस्जिद के नुसरतउल्लाह साहब ,कारी नौशाद अहमद आदि ने क्षेत्र के चुड़िहारपट्टी, फकिरौटी, शेखपुर, डीह होते हुए सगरासुन्दरपुर तक गए और मो. साहब के संदेश को जनहित मे साझा करते हुए उनके द्वारा बताए गए नेकी के रास्ते पर चलते हुए अमन एंव शान्ति का संदेश दिया । इस दौरान क्षेत्र के बहुत से अकीदतमन्द एंव बच्चे तथा महिलाएं शामिल रहे।



समाजसेवी को सम्मानित करते।

# शीतला सहाय ट्रस्ट ने समाजसेवी सुनील दामोदर दुबे को किया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** शीतला सहाय धर्मा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुख्य ट्रस्टी तथा आस्था चैनल के प्रख्यात गायक विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर ने मां अम्बे धाम जगदीशपुर बीरापुर के संस्थापक समाजसेवी सुनील दामोदर दुबे द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को देखते हुए अंगवस्त्रम चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया सउक्त कार्यक्रम में उपस्थित रैप सिंगर मुम्बई शिवम त्रिपाठी, युवा नेता संतोष दुबे,अन्तर्राष्ट्रीय कला संगीत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेहया हो गये बेशरम हो गये जब से नेता हुये बेधरम हो गए

## कवियों ने बाँधा समा कवि सम्मेलन में लोग हुए प्रफुल्लित

**प्रतापगढ़।** गुरुवार को अपराह्न दो बजे संवर्धन सॅस्था के बैनर तले सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन कृषि भवन प्रताप गढ़ में किया गया, सॅस्था के अध्यक्ष डा0 श्याम शॅकर शुक्ल श्याम ने माँ सरस्वती को माल्यार्पण, पूजन कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की, सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार सॅगम लाल त्रिपाठी भॅवर जी तथा कुशल सॅचालन प्रमोद प्रियदर्शी जी ने किया।

इसी क्रम में उपस्थित कवियों, कवियत्रियों को माल्यार्पण तथा कलम भेंट कर सम्मानित भी किया गया सगोष्ठी का आगाज शिवानी मिश्रा की वाणी बन्दना तथा श्रृंगार की बेहतरीन रचना से होकर निरन्तर एक से बढ़कर एक रचनायें तहत और तरन्नुम में रचनाकारों ने पढ़ी,जनपद के वरिष्ठ और चर्चित गीतकार डॉ 0 अशोक अग्रहरि प्रताप गढ़ी की सियासी रचना ने इस दौर के सियासी हालात को कुछ इस लहजे में तरन्नुम में पढ़कर तॅज कसा, जिसे लोगों ने काफी पसंद कियारूबेहया हो गये बेशरम हो गये,जब से नेता हुये बेधरम हो गये,जब हुये उनसे मौजू सवालात तो,तल्ख तेवर हुये औ गरम हो गयेष्जनपद के ही वरेण कवि गीतकार सॅगम लाल त्रिपाठी भॅवर जी ने निहित स्वार्थ में लिप्त आदमी की फितरत और मिजाज पर उम्दा शेर पढ़ारू स्वार्थपरता को धोता चला आदमी, बीज नफरत के बोता चला आदमी संस्था के अध्यक्ष डॉ. श्याम शॅकर शुक्ल श्याम जी ने मानवीय मूल्यों के संरक्षण और नेकनीयती की प्रबल पैरोकारी अपनी बेहतरीन रचना से कुछ इस तरह की,हमने माना कि नीम बेर नहीं हो सकती,नेक इरादों की नींव ढेर नहीं हो सकती इसी के साथ ही राजेश प्रताप गढ़ी,भानु प्रताप सिंह भानु,प्रेम कुमार प्रेम,सूरेश व्योम,शेष नरायण राही, विपिन शुक्ला, राकेश प्रतापगढी,नीलम शर्मा,डॉ 0 अजय सिंह,डॉ.श्रद्धा सिंह इत्यादि कवि एवं कवियत्रियों ने काव्य पाठ किया ।

## सरस काव्य गोष्ठी आयोजित

**प्रतापगढ़।** नगर के कृषि भवन स्थिति सभागार में डॉ. श्याम शंकर शुक्ल ष्श्याम ष्जी के आयोजकत्व में सम्बर्धन संस्था प्रतापगढ़ द्वारा एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन कि या गया।गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ .संगमलाल त्रिपाठी ष्भँवर ष ने किया और मुख्य अतिथि डॉ श्रद्धा सिंह एवं बिशिष्ठ अतिथि आचार्य मुंशीरजा अनीस देहाती रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन अतिथि श्री अनिल प्रताप त्रिपाठी ष्प्रवातष ने कु.शिवानी मिश्रा के वाणी वन्दना के बाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया । कवि गोष्ठी में गजेन्द्र सिंह विकट, डॉ. भानु प्रताप सिंह भानु, जयराम पाण्डेय राही, राजेश प्रतापगढ़ी, राकेश प्रतापगढ़ी, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, डा. अशोक अग्रहरी, शेष नारायण दुबे राही, सुरेश दुबे व्योम, सुश्री नीलम शर्मा, आदि ने काव्य पाठ किया।कविता पाठ के उपरान्त आचार्य अनीश देहाती, डॉ. प्रमोद प्रियदर्शी एवं डॉ अजय सिंह अजेय को संस्था की ओर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रमोद प्रियदर्शी जी ने किया । अन्त में काव्य पाठ के साथ साथ कार्यक्रम में आये हुए सभी मनीषियो का आभार व्यक्त किया और फिर डॉ. अजय सिंह अजेय ने कार्यक्रम स्थगन की घोषणा की।




कवि सम्मेलन में मंचासीन कविगण

# डाकघर में जमा कर्ताओं के रकम में होती है कटौती

**बेरूवा कौशाम्बी।** डाकघर में जमा कताओं के धन दोगुना होने के बाद उन्हें रकम वापस देते समय अब तो कटौती होने लगी है जिससे जमा कताओं में आक्रोश है ताजा मामला उप डाकघर चायल के पोस्ट मास्टर के कारनामे का है जिसमें जमा कर्ता की रकम देते समय उसकी रकम से 5 हजार रुपए की कटौती कर ली गई है जमा कर्ता ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से कर पोस्ट मास्टर पर कार्यवाही कर रकम वापस दिलाए जाने की मांग की है

जानकारी के मुताबिक उप डाकघर चायल के पोस्टमास्टर द्वारा अनपढ़ पीड़ित महिला से धोखाधड़ी कर पोस्टमास्टर ने पांच हजार रुपये का घोटाला कर लिया है यह मामला ग्राम सभा हौसी मजरा काजू का हैं जमाकर्ता केशपती पत्नी स्व० देशराज ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे खाते में एक लाख रुपये जमा किया गया है

दिनांक 13/10/2017 को एक लाख रुपये का किसान विकास पत्र पूरा हो गया है जब पीड़ित महिला केशपती डाकघर पहुँची तो और अपना भुगतान लेने की बात पोस्टमास्टर से कही तो पोस्टमास्टर चायल ने कहा कि स्कूल में चलो वहीं पैसे दिया जायेगा तब केसपती की पुत्री ने पोस्टमास्टर से काफी देर तक बहस कर डाली और कहा कि हम स्कूल में क्यों जाये हमने डाकघर में पैसे दिया है और लेने के लिए हम स्कूल में क्यों जाये धीरे धीरे जमाकर्ता को अपने धन लेने में ढाई वर्ष बीत गए तब काफी समय बाद डाक बाबू ने एक लाख बारह हजार रुपये ही उसे दिया। लेकिन किसान विकास पत्र का भुगतान करते समय दो निकासी फार्म पर निशान अगूँठा लगवाया गया पोस्टमास्टर ने यहां तक कहा कि हमको खर्च के लिए तीन हजार रुपये दो क्योंकि हमे ऊपर के अधिकारियों को देना होता है जैसे र ,ऊ कव र, र ,ढङ्ग२ इलाहाबाद मण्डल को महामारी के लिए रकम देना होता हैं गौरतलब है कि पीड़िता के खाते में धनराशि एक लाख सत्रह हजार रुपये था दिनांक 08/06/2020 को केशपती को पोस्टमास्टर ने निकाली गई धनराशि 1लाख 12 हजार 050 रुपये ही दिया जबकि खाते से उसी तारीख को पांच हजार रुपये पोस्टमास्टर ने क्यो निकाला जब पीड़िता दुबारा अपने शेष बचे हुए पैसे को खाते से निकालने के लिये गई तो उसे पता चला कि खाते में पैसे ही नहीं है क्योंकि दिनांक 08/06/2020 को ही निकासी 1एक लाख 17 हजार रुपए दर्ज की गई है।

# 14 किलो गांजा संग अभियुक्त गिरफ्तार

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज पुलिस ने एक अभियुक्त को 14 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है पकड़ा गया अभियुक्त लंबे समय से गांजे की बिक्री मे लिप्त था पुलिस ने लिखा पढ़ी कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है आरोपी युवक को कोखराज थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भदवा ग्राम निवासी धीरेन्द्र कुमार पुत्र मुरारी को टेढ़ी मोड़ चौकी इंचार्ज राजीव नारायण सिंह व चौकी इंचार्ज सिंघिया आशीष यादव ने संयुक्तरूप से मुखबिर की सूचना पर घेरा बन्दी कर पकड़ लिया उसके पास से 14 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया पूछताछ में उसने बताया कि वह भाँग की दुकानों को गांजा की सप्लाई करता था।कोखराज पुलिस ने उसे पकड़ कर लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया। इलाके में लंबे समय से गांजे का कारोबार हो रहा है कई बार समाचार पत्रों ने भी शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया समाचार पत्रों की सुर्खियां बनने के बाद पुलिस ने गांजा विक्रेता को जेल भेजा है।



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर।

# मनीष के हत्यारों का पिपरी पुलिस नहीं लगा सकी आज तक सुराग

**नेवादा कौशाम्बी।** एक तरफ योगी सरकार प्रसाशन को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए थाना से लेकर चौकी तक के सिपाहियों को तांस के पत्ते की तरह ईधर से उधर फेंट कर रख दिया है लेकिन फिर भी पुलिस प्रसाशन में कोई बदलाव नहीं आया अपराध कम होने का नाम नही ले रहा है। पिपरी थाना के लोधउर चौकी अन्तर्गत औधन गाँव में रामबाबू सरोज पुत्र मोहन सरोज मजदूरी कर के किसी तरह अपना जीवन यापन करता है जो कि बीते 14 अक्टूबर को उसी के लड़के मनीष उम्र लगभग बीस वर्ष की हत्या कर दी गई है जिसका आज तक पुलिस कोई सुराग पुलिस नही लगा सकी है। लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस मनीष के हत्यारों को खोज पाने में नाकाम साबित दिखाई पड़ रही है इससे यही मालुम पड़ता है कि मामले को या तो ठंढे बस्ते मे डाल दिया हो या फिर हत्यारों के आगे घुटना टेक दिया हो जो पुलिस पर सवाल उठना लाजिम है। मनीष के हत्यारों ने हत्या के पीछे बहुत बड़ा सबूत छोड़ा है मनीष के घर वालों का कहना हैं कि हत्यारों ने मनीष के मोबाइल पर सुबह लगभग चार बजे भोर में फोन पर बात किया और यमुना नदी के किनारे बुलाया और बुलाकर हत्या कर दी लेकिन पुलिस आज तक घटना का कोई खुलासा नहीं कर पा रही है।